दिन–शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 09/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

रेलवे मे नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की एक अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव और तेज प्रताप यादव, पुत्री मीसा भारती और हेमा यादव तथा कई अन्य आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। अदालत ने राजद अध्यक्ष और उनके परिजनो के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम उन्नीस सौ अट्ठासी की धाराओं के तहत अन्य अपराधों के साथ यह आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश ने कहा कि लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों ने आपराधिक साजिश रची है। इन लोगों ने कथित तौर पर अचल संपत्ति हासिल करने के लिए रेलवे में रोजगार को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। सीबीआई के अनुसार, कथित तौर पर रेलवे में नौकरियां देने के लिए लालू परिवार के सदस्यों और उनसे जुड़ी एक कंपनी ने बाजार मूल्य से कम दरों पर और ज्यादातर नकद लेनदेन के माध्यम से जमीन अधिग्रहण किया।

———————————————————————

विकसित भारत युवा नेता संवाद –दो हजार छब्बीस का दूसरा संसकरण आज नई दिल्ली में शुरू हो गया है। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल करेंगे। खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की बारह तारीख को समापन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश के युवा नेता से संवाद करेंगे। श्री मांडविया ने कहा कि चार दिवसीय इस कार्यक्रम में देश और विदेश से ढ़ाई हजार से अधिक युवा भाग ले रहे हैं। युवा संवाद में बिहार के भी उनहत्तर प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

राज्य सरकार ने गन्ना के खरीद मूल्य में पन्द्रह से बीस रूपये प्रति क्विंटल की दर से वृद्धि की है। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा कि यह वृद्धि पेराई सत्र दो

हजार पच्चीस–छब्बीस से ही प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि चीनी मिल मालिकों की सहमति से यह फैसला किया गया है।

————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश का अधिकतर हिस्सा कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। आज सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि इसके बाद एक बार फिर तापमान में गिरावट आने की संभावना है। कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में शीत दिवस की चेतावनी जारी की गई है।

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डालने के मामले में पुलिस ने मुंगेर जिले हरपुर थाना के शिशुआ गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ट्रक से एक सौ अस्सी कार्टन शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के महलगांव थाना क्षेत्र से पुलिस ने साइबर ठग गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो बनाकर डालने के आरोप में पुलिस ने पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र से चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्तौल, कारतूस और दो मोबाईल फोन बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया।

————————————————————————

रोहतास जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।